डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 163 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 30 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया

## आज से खूब बिकेंगे वाहन, एडवांस हो चुकी है बुकिंग

### इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड ज्यादा

**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चैत्र नवरात्र आज 30 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। 07 अप्रैल को दशहरे का उत्सव रहेगा। आज रविवार से नवरात्र की शुरुआत हो रही है। शहर सहित अंचल में लोगों ने अपने पसंदीदा वाहनों की बुकिंग पहले ही कर दी है। सभी वाहन एजेंसियों और शोरूम में विभिन्न रंगों और मॉडलों के वाहनों का स्टॉक भी पहले ही कर लिया गया है। इस दौरान फाइनेंस कम्पनियां भी विभिन्न तरह के ऑफर्स दे रहीं है। पिछले साल तक पेट्रोल और डीजल वाहनों की बिक्री हो रही थी। लेकिन, हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहन भी बाजार में आ गए हैं। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन में अलग-अलग कम्पनियों के कई मॉडल काफी आकर्षक हैं। जिसके चलते यह युवा वर्ग की डिमांड में है। तो वहीं चार पहिया वाहनों की भी जमकर डिमांड है। यही कारण है कि लोगो ने एडवांस बुकिंग भी कराई है।







# पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा राम भरोसे..!

## स्कूटी में लगी आग ने दे दी गवाही, आग बुझाने के यंत्रों के उपयोग से अनजान कर्मचारी

मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शुक्रवार को बीपीएल चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर एक स्कूटी में आग लग गई। मापदंडों के अनुसार पेट्रोल पंप पर मौजूद संसाधनों से आसानी से आग बुझ सकती थी। लेकिन, कर्मचारियों ने स्कूटी को उठाकर अन्य जगह पर रख दिया। इसके बाद स्कूटी मालिक ने इधर-उधर से रेत और धूल से आग पर काबू पाया। यहां प्रश्न यह उठता है कि क्या पेट्रोल पंप पर आग बुझाने के उपकरण नहीं थे? अगर संसाधन होते तो आसानी से आग पर काबू पाया जा सकता था। इसके अलावा अगर उपकरण मौजूद थे तो कर्मचारियों को उसका उपयोग करना ही नहीं आता!



जब स्कूटी में लगी आग को बुझाने के लिए इधर उधर से स्कूटी मालिक ने रेत की व्यवस्था की तो पेट्रोल पंप पर मौजूद रेत की बाल्टी का उपयोग क्यों नहीं किया गया। कुल मिलाकर शहर में छह पेट्रोल पंप रिहायशी इलाकों में चल रहे हैं। लेकिन, लगभग सभी में सुरक्षा इंतजाम ताक पर रखा गया है। जिला मुख्यलाय पर ही यह स्थिति है तो अन्य जगहों पर मौजूद स्थिति का पता आसानी से लगाया जा सकता है। इधर संबंधित विभाग ने अभी तक इस और ध्यन नहीं दिया। कभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण नहीं किया। शायद जिम्मेदार भी किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

शहर में संचालित पेट्रोल पंपों पर आगजनी जैसी घटनाओं से बचने के लिए पंप संचालकों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से मानकों की पूर्ति नहीं की जा रही है, जो खतरनाक है। अधिकतर पेट्रोल पंपों पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं किया जा रहा है। नियम अनुसार पेट्रोल पंपों पर दुर्घटनाओं से बचने के लिए बालू, सीओटू सिलेंडर आदि अन्य व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों पर अग्निशमन यंत्रों की कमियां देखी जा रही है। कई पेट्रोल पंप के आसपास खानपान की दुकानें और अन्य संस्थान संचालित हो रही हैं। यहां रसोई गैस का उपयोग किया जाता है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका है। इन पेट्रोल पंपों पर कई जगह तो अग्निशमन यंत्र खराब हो चुके हैं, जो इमरजेंसी के वक्त किसी काम के नहीं हैं। वहीं नगर में संचालित अधिकतर पेट्रोल पंपों पर संचालकों द्वारा स्मोकिंग के बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। यह देखा गया है कि घनी आबादी वाले पेट्रोल पंपों पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के नियमानुसार पंप के दायरे से बाहर धूम्रपान वर्जित है। लेकिन, शहर सहित अंचलभर में संचालित होने वाले ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर इस प्रकार के बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।

### यह बनाए गए नियम...

नियमानुसार मुख्य मार्ग से पेट्रोल पंप की दूरी 52 फीट होनी चाहिए। संजीत नाका, बीपीएल चौराहा, रामटेकरी, पुलिस लाईन क्षेत्र, खानपुरा, कृषि उपज मंडी के अलावा कई पेट्रोल पंप इस मानक पर खरा नहीं उतर रहे। जिनकी तरफ शासन का ध्यान नहीं है। वहीं ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर फायर बाटल उपलब्ध नहीं है। पेट्रोल पंपों पर सूखी रेत की बाल्टी तो रखी हुई हैं। लेकिन, कई जगहों पर बाल्टी में रेत ही नहीं है। पेट्रोल पंप संचालकों की इस मनमानी के खिलाफ प्रशासन भी मूक बनकर देख रहा है।

### पेट्रोल पंपों पर हवा-पानी के इंतजाम...

शहर में अंचलभर में संचालित अधिकांश पेट्रोल पंप पर उपभोक्ता के लिए सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। यहां तक कि आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए फर्स्ट एड बॉक्स तक नहीं है। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं की ओर जिला प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा। जिस कारण पंप संचालकों के हौसले बुलंद हैं। पेट्रोल पंप पर नियमानुसार 24 घंटे उपभोक्ता के लिए पेयजल की व्यवस्था होना चाहिए। इसके अलावा गाड़ियों के टायर में हवा के इंतजाम हों तथा फर्स्ट एड बॉक्स आदि की व्यवस्था भी रहना चाहिए। लेकिन, पेट्रोल पंप पर इनमें से कोई भी इंतजाम नहीं है। वहीं कुछ जगहों पर यह व्यवस्था सिर्फ दिखावे के लिए है। लेकिन, इन सुविधाओं का लाभ वाहन चालकों को नहीं मिलता है।

## अफीम के साथ बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना पुलिस ने बायपास स्थित नालछा माता फंटा से एक बाइक पर सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के कब्जे से 02 किलो 700 ग्राम अफीम जप्त की गई हैं। आरोपी यह अफीम राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के गादोला से मंदसौर के अरनिया गुर्जर में किसी तस्कर को देने जा रहे थे। नई आबादी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर सूचना पर नालछा माता फंटा बायपास पर चेकिंग पॉइंट लगाया गया था। मुखबीर सूचना अनुसार टीवीएस बाइक पर सवार दो युवक आते दिखे। जिन्हे रोककर पूछताछ की। उनके पास के झोले को जाँचा गया तो उसमे अवैध मादक पदार्थ अफीम मिली। तौल करने पर अफीम का वजन 02 किलो 700 ग्राम निकला। मामले में आरोपी गौरव सिंह झाला निवासी राजोरा जिला प्रतापगढ़ व राहुल शर्मा निवासी अवलेश्वर जिला प्रतापगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/ 18, 29 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया हैं। दोनों आरोपियों को आज रविवार को न्यायालय में पेशकर रिमांड लिया जायेगा।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकली वाहन रैली

**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंदसौर में शनिवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन हिंदू उत्सव समिति द्वारा किया गया। गांधी चौराहे से भगवा पताकाओं के साथ प्रारंभ हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: गांधी चौराहा पहुंची। रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया।

दोपहिया और चारपहिया वाहनों से सजी इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भारत माता की जय और धार्मिक गीतों के माध्यम से माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। पूरे शहर में उत्सव का माहौल नजर आया। पूरे शहर में रैली के स्वागत को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली संयोजक आनंद तंवर ने बताया कि रैली को भव्य स्वरूप देने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में बैठकें की गई। साथ ही गांव-गांव में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ा गया।


**मंदिरो में होंगे विशेष आयोजन-** रविवार को भारतीय नववर्ष और गुड़ी पड़वा के अवसर पर नगर सहित अंचल के सभी मंदिरो में विशेष आयोजन किए जाएंगे। ध्वजारोहण एवं महाआरती के साथ मंदिरो में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई हैं। सामाजिक संगठनों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान और आतिशबाजी के साथ नववर्ष का स्वागत होगा। हिंदू उत्सव समिति ने बताया कि नगर सहित अंचल के सभी प्रमुख मंदिरों से संपर्क कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।

## अफीम तौल शुरु, 282 किसानों ने जमा कराई अफीम



**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार से जिला अफीम कार्यालय में अफीम तौल प्रक्रिया शुरु हो गई। पहले दिन लांसिंग पद्धति से अफीम उपजाने वाले किसानों की उपज तौली गई। प्रथम खंड के 07 गांवों से 282 किसानों ने अपनी अफीम विभाग को सौंपी। जिले में अफीम तौल प्रक्रिया तीन खंडों में संपन्न होगी, जो 6 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद 8 से 17 अप्रैल तक सीपीएस (कंट्रोल्ड पॉलीथीन शीट) पद्धति के किसानों के अफीम डोडे जमा किए जाएंगे।

बता दें की मंदसौर संसदीय क्षेत्र में करीब 50 हजार अफीम उत्पादक किसान हैं, जिनमें लांसिंग और सीपीएस दोनों पद्धतियों से खेती करने वाले किसान शामिल हैं। अफीम अधिकारी बीएन कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। गर्मी से बचाव के लिए टेंट और कूलर लगाए गए हैं। साथ ही ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी की गई है।












# मुख्यमंत्री उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ


**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का 'जल गंगा संवर्धन' महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ,बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी 'खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान', प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम 'जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण' रखी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे - पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं।

**'जल गंगा संवर्धन अभियान' में होंगे महत्वपूर्ण कार्य-** ✻ पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किये जायेंगे। ✻ अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। ✻ नदियों में जलीय जीवों को पुनर्स्थापित किया जाएगा। ✻ लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। ✻ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। ✻ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण करेगा। ✻ प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे।




















"विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष,
सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विक्रमोत्सव
26 फरवरी से 30 जून 2025
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. अर्जुनराम मेघवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार
प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति
वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल
रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर
सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर
30 मार्च, 2025, उज्जैन
जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
जल गंगा संवर्धन अभियान
शुभारंभ
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट
'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए
mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें
D-11218/24
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# बैंक, आयकर व बीमा कंपनियों का अवकाश निरस्त

**मंदसौर, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की ओर से आदेश जारी किया गया है कि आयकर विभाग के लंबित कार्यो और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार 29 मार्च, रविवार 30 मार्च और सोमवार 31 मार्च को आयकर विभाग के कार्यालय खोले जाएं।**

मार्च में 29 मार्च को शनिवार का अवकाश था। आज 30 तारीख को महीने का अंतिम रविवार पड़ रहा है। जबकि, 31 मार्च को ईदुलफितर का अवकाश है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर जिसको भी अपना रिटर्न दाखिल करना है तो उसके लिए 31 मार्च बहुत ही अहम तारीख है। ऐसे में लगातार तीन दिन छुट्टियां होने के बावजूद भी आयकर कार्यालय खुलेंगे।

**पंजीयन विभाग भी खुलेंगे–** पंजीयन विभाग में भी मार्च माह में अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। शनिवार, रविवार के सार्वजनिक अवकाश में भी पंजीयन का काम करना पड़ रहा है।

**बैंक व बीमा कंपनियों के कार्यालय भी खुले रहेंगे–** बैंक व बीमा कंपनियो के कार्यालय भी रविवार एवं सोमवार को 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे। बैंको में वार्षिक लेखाबंदी के चलते सभी बैंको की शाखाएं खुली रहेगी। इसी तरह बीमा कंपनियो के कार्यालय पर खुले रहेंगे।

## छत पर सो रहे परिवार के घर से 2 लाख रुपए और ज्वेलरी ले गए बदमाश

### चोरी का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

**मनासा, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के ग्राम बालागंज में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। शुक्रवार रात करीब 1:30 बजे नकाबपोश बदमाशो ने एक घर को निशाना बनाया।

बालागंज की रहने वाली दाखी बाई शुक्रवार को मजदूरी और ठेकेदारी के 02 लाख रुपए लेकर घर आई थी। उन्होंने पैसों को घर में रखे एक ड्रम में रख दिया था। रात में जब दाखी बाई और उनका बेटा अनिल छत पर सो रहे थे, चोरों ने घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर नकदी के साथ-साथ चांदी के जेवरात भी ले गए। सुबह जब परिवार को चोरी का पता चला तो उन्होंने तुरंत मनासा थाना पुलिस को सूचना दी।

थाना प्रभारी शिवकुमार रघुवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटना का पूरा सीसीटीवी फुटेज शनिवार दोपहर को सामने आया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चोर गांव की पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है।

# बजरंगदल शौर्य कुंभ हेतु मनासा से बजरंगदल के कार्यकर्ता हुए रवाना

**मनासा, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज इंदौर में बजरंगदल का शौर्य कुंभ का आयोजन होगा जिसमें मालवा प्रांत के 28 जिलों से बजरंगदल के हजारों कार्यकर्ता चार पहिया वाहन,बसों से पहुंचकर शिरकत करेंगे,जिसमें नीमच जिले के सभी प्रखंड मनासा,रामपुरा/कुकडेश्वर,नीमच, जावद, जीरन, कनावटी, रतनगढ़/सिंगोली से सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना हुए,बजरंगदल जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि मालवा प्रांत में बजरंग दल जागरण की मुख्य भूमिका निभाने वाला युवा संगठन जो सेवा, सुरक्षा, संस्कार के मुलभुत देवत्व गुणों को धारण कर अलख जगाता है, ऐसे धर्म प्रेमी, राष्ट्रप्रेमी का शौर्य कुंभ के माध्यम से बजरंग दल का विशाल एकत्रिकरण माँ अहिल्या की पावन धरा इन्दौर में आज नेहरू स्टेडियम,शिवाजी पार्क इंदौर में सांय 4 बजे होने जा रहा है।

शौर्य कुंभ में निरंजन पीठाधीश्वर अनंतश्रीविभूषित श्रीमज्ञगतगुरु शंकराचार्य स्वामीजी श्री प्रशानानंद सरस्वती जी महाराज का मंगल सान्निध्य व वरिष्ठ संतों के पावन सान्निध्य में विश्व हिन्दू परिषद केन्द्रीय संगठन महामंत्री माननीय श्री मिलिंद जी परांड़े का पाथेय प्राप्त होगा एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक श्री नीरज जी दोनेरिया विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रेम कुशवाह,विनोद माली,मंगल सिंह देवड़ा,शिवलाल पाटीदार,राहुल कुशवाह,अविनाश आर्य, सावन चौहान,रोहित जगोलिया, दीपक टेलर, पूरणमल शर्मा,पवन पाटीदार ,रमेश राठौर,राकेश कुशवाह, गोपाल धनगर, प्रदीप मालवीय, रामप्रहलाद कुशवाह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हुए इंदौर हेतु रवाना।

# नीमच कृषि उपज मंडी में व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन

### भूखंड नीलामी रोकने से नाराज, काली पट्टी बांधकर की नारेबाजी

**नीमच, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच की नवीन कृषि उपज मंडी चंगेरा में शनिवार को व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। लहसुन, मूंगफली और प्याज के व्यापारियों ने नीलामी काम बंद कर मंडी के गेट पर नारेबाजी की।विरोध का कारण 91 भूखंडों की नीलामी पर रोक है। मंडी में कुल 248 भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया चल रही थी। इसमें से 157 भूखंडों की नीलामी पूरी हो चुकी है। बाकी 91 भूखंड लहसुन, प्याज और मूंगफली के व्यापार के लिए निर्धारित थे। जिला प्रशासन ने इन भूखंडों की नीलामी पर रोक लगा दी है।

**एक घंटे तक मंडी में किया प्रदर्शन–** व्यापारियों ने करीब एक घंटे तक मंडी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। मंडी सचिव उमेश बसेड़ा शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से चर्चा कर समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद सचिव ने व्यापारियों के साथ लहसुन नीलामी स्थल पर जाकर बोली लगवाई और उपज नीलामी का काम शुरू करवाया।




## पेट्रोल पंप के पास 2 पक्षों में मारपीट, 07 पर प्रकरण दर्ज

**मेनपुरिया, 29 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सीतामऊ फाटक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास 2 पक्षों में आपसी रंजिश के चलते मारपीट की वारदात हो गई। मामले में कुल 07 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज हुआ।

नई आबादी पुलिस के अनुसार पहले पक्ष से कोठारी कॉलोनी निवासी राजेश राठौर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपियों में मेनपुरिया निवासी सुजल माली, अजय माली, विजेश माली व चंद्रपुरा निवासी देवराज सिसोदिया ने फरियादी व उसके साथियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धौस दी। वही दूसरे पक्ष से सुजल माली की रिपोर्ट पर आरोपियों राजेश राठौर, नयापुरा रोड निवासी मोईन पठान, तौसिफ पठान ने फरियादी व उसके साथियों के साथ मारपीट की व जान से मारने की धौंस दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास–207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)–458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 142/2025 दिनांक 28.03.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा राजकुंवर बेवा नेपालसिंह, निवासी ग्राम–खेताखेड़ा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर से आवासीय मकान पंजी क्रमांक 107, वार्ड नं. 05, पटवारी हल्का नं. 00085 पर दर्ज होकर पता–ग्राम खेताखेड़ा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी15आईजीआर17872025 ए 100175968, दिनांक 27.03.2025 से मेरे पक्षकार देवेन्द्रसिंह पिता नेपालसिंह निवासी ग्राम खेताखेड़ा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है–

पूर्व में–अंतरसिंह का मकान, पश्चिम में–हीरालाल का मकान, उत्तर में–स्वयं की भूमि, दक्षिण में–रास्ता, पैमाईश रकबा–4640 वर्ग फीट या 431.22 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास–207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)–458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 144/2025 दिनांक 29.03.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मुन्नालाल पिता पन्नालाल गुर्जर, निवासी ग्राम–बासाखेड़ी, तहसील व जिला–मन्दसौर से आवासीय मकान जो भूमि सर्वे क्रं. 389 (बी), भूखण्ड संख्यांक 132 (पी), पटवारी हल्का नं. 00118 पर दर्ज होकर पता – ग्राम–बासाखेड़ी, तहसील व जिला–मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई–पंजीकरण क्र एमपी 15आईजीआर17852025 ए 100179658, दिनांक 28.03.2025 से मेरे पक्षकार गुड्डीबाई पति मुन्नालाल, निवासी ग्राम–बासाखेड़ी, तहसील व जिला–मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है–

पूर्व में–गणेशराम का मकान, पश्चिम में–इंदरमल पिता शिवराम, रामलाल पिता दुलीचंद्र, उत्तर में–गोपाल पिता मेघा का बाड़ा, दक्षिण में–रास्ता, पैमाईश रकबा–450 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर













स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in